Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 181 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 10 जनवरी 2025

फतेह एक्टर सोनू सूद ने...पेज-3 पर

# उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक ठंड का कहर जारी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मैदानी इलाकों में सुबह-शाम कोहरा छाने और पहाड़ों में पाला पड़ने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक ठंड का कहर जारी है। बारिश नहीं होने से सूखी ठंड लोगों को परेशान कर रही है। राजधानी देहरादून में आज दिन की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। वहीं बादल छाने से तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई है। मसूरी में हालांकि मौसम साफ है,



लेकिन तापमान में गिरावट होने से ठंड में इजाफा हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी

**मौसम**
- कोहरे के कारण हवाई सेवा हुई प्रभावित

बारिश-बर्फबारी नहीं होने से सूखी ठंड परेशान करेगी। 11 जनवरी तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि, 11 और 12 जनवरी को देहरादून समेत टिहरी, पौड़ी, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में मौसम खराब होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आज सुबह से ही छाए घने कोहरे के कारण देहरादून एयरपोर्ट पर उड़ाने प्रभावित प्रभावित हुईं। सुबह सबसे पहले इंडिगो अहमदाबाद वाली फ्लाइट 7:55 बजे पहुंचती है, लेकिन खराब मौसम के कारण इस फ्लाइट का समय बदलकर सुबह 10:50 कर दिया गया। एयर इंडिया की दिल्ली वाली फ्लाइट सुबह 8ः00 के स्थान पर 9:53 पर एयरपोर्ट पहुंची। वहीं, इंडिगो दिल्ली की फ्लाइट सुबह 9 बजे के स्थान पर 10 बजे के बाद ही एयरपोर्ट पर पहुंची। दोपहर 3ः20 पर दिल्ली से आने वाली इंडिगो की उड़ान को रद्द कर दिया गया है।

**News कॉर्नर**

### लॉस एंजिलिस में आग ने मचाई भारी तबाही, 10 हजार से ज्यादा इमारतें खाक

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में लगी जंगल की आग विकराल होती जा रही है। जंगल से शुरू होकर आग की लपटों ने रिहायशी इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। हालात यह हैं कि अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 10 हजार से ज्यादा इमारतें खाक हो गई हैं। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में लगी जंगल की आग विकराल होती जा रही है। जंगल से शुरू होकर आग की लपटों ने रिहायशी इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। हालात यह हैं कि अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 10 हजार से ज्यादा इमारतें खाक हो गई हैं। हॉलीवुड हिल्स से लेकर पैसिफिक पैलिसेड्स और पासाडेना से लेकर ईटन तक आग ने तबाही मचा रखी है। लोग अपने घरों को छोड़कर भाग रहे हैं। बताया जा रहा है कि लगातार चल रही हवाओं के कारण आग बढ़ रही है। अग्निशमन कर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### केजरीवाल के बयान के खिलाफ भाजपा का मार्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयारियों में लगी हैं। दिल्ली में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अरविंद केजरीवाल के बयान को लेकर भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर वोट कटवाने का आरोप लगाया है। पूर्वांचल के मतदाताओं पर दिए गए बयान को लेकर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के फिरोजशाह रोड स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि नई दिल्ली विधानसभा में जो लोग वर्षों से रह रहे हैं, उनके वोट कटवाये जा रहे हैं। वहीं जो लोग नई दिल्ली विधानसभा में रह ही नहीं रहे, उनके फर्जी वोट बनवाये जा रहे हैं ।

जातियों में बांटने वालों को लेनी चाहिए सीख

# यह सनातन के गौरव का महाकुंभ है: मुख्यमंत्री योगी

प्रयागराज
एजेंसी

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम रेडियो चैनल का शुभारंभ किया। इसके बाद स्वर्गीय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके मुख्यमंत्री स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचे और मां की रसोई का उद्घाटन किया।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम रेडियो चैनल %कुंभवाणी% का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि महाकुंभ सनातन के गौरव का महाकुंभ है, जो लोग लोगों को जातियों में बांटना चाहते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि कुंभ से जाति का भेद मिट जाता है। दुनिया भर से लोग यहां आ रहे हैं, प्रसार भारती ने न केवल महाकुंभ कार्यक्रम को पूरे दिन प्रसारित करने की तैयारी की है, बल्कि दूरदराज के इलाकों में भी धार्मिक उद्धरण दिए जाएंगे, इससे लोगों की आस्था बढ़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सर्किट हाउस में महाकुंभ के अवसर पर प्रसार भारती के एफएम चैनल कुंभवाणी का शुभारंभ



किया। इस अवसर पर उन्होंने एफएम चैनल के सफल होने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुंभ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं।

उन लोगों तक इन सुविधाओं के माध्यम से हम महाकुंभ की हर जानकारी पहुंचाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि दूर दराज में रहने वालों के लिए इस तरह का सजीव प्रसारण कर पाएंगे तो उनको भी सनातन गौरव के इस महासमागम को जानने, सुनने और आने वाली पीढ़ी को बताने का अवसर प्राप्त होगा। सीएम ने कुंभवाणी चैनल शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूचना प्रसारण मंत्रालय व प्रसार भारती को भी धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था वो आकाशवाणी ही था।

मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी के माध्यम से उस समय प्रसारित होने वाले रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे। समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया।

# भुवनेश्वर-देहरादून-श्रीनगर उड़ान को हरी झंडी

देहरादून
हमारे संवाददाता

देहरादून एयरपोर्ट पर यह पहला मौका होगा जब एक फ्लाइट एक साथ तीन शहरों को आपस में जोड़ेगी। इंडिगो का 186 सीटर विमान भुवनेश्वर-देहरादून-श्रीनगर के बीच उड़ान भरेगा।

भुवनेश्वर-देहरादून-श्रीनगर उड़ान को हरी झंडी मिल गई है। विमानन कंपनी इंडिगो इस फ्लाइट को आगामी छह फरवरी से शुरू करेगी। कंपनी ने ऑनलाइन टिकटों की बिक्री भी शुरू कर दी है। देहरादून एयरपोर्ट पर यह पहला मौका होगा जब एक फ्लाइट एक साथ तीन शहरों को आपस में जोड़ेगी। इंडिगो का 186 सीटर विमान भुवनेश्वर-देहरादून-श्रीनगर के बीच उड़ान भरेगा। विमान ओडिशा के भुवनेश्वर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर सुबह 9ः05 बजे देहरादून पहुंचेगा। देहरादून एयरपोर्ट पर यात्रियों को उतारने और यहां से श्रीनगर के यात्रियों को बिठाने के बाद यह विमान सुबह 9:45 बजे श्रीनगर के लिए उड़ान भरेगा। श्रीनगर से देहरादून और भुवनेश्वर के यात्रियों को लेकर यह विमान वापस दोपहर 12:50 बजे देहरादून पहुंचेगा। देहरादून एयरपोर्ट से यह फ्लाइट यात्रियों को लेकर दोपहर 1:20 बजे भुवनेश्वर के लिए उड़ान भरेगी। देहरादून से भुवनेश्वर का सफर दो घंटे और देहरादून से श्रीनगर का समय इस उड़ान से एक घंटा पांच मिनट में तय किया जा सकेगा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, यह पहला मौका होगा जब देहरादून एयरपोर्ट से भुवनेश्वर और श्रीनगर के लिए सीधी उड़ान शुरू किया जा रहा है। भुवनेश्वर-देहरादून-श्रीनगर के बीच फ्लाइट सप्ताह में सिर्फ तीन दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को संचालित की जाएगी। यात्रियों की संख्या बढ़ने के बाद इस फ्लाइट को सप्ताह के सभी दिन चलाया जा सकता है। देहरादून से भुवनेश्वर के लिए छह फरवरी को टिकट 4,999 रुपये और देहरादून से श्रीनगर का किराया 4,696 रुपये है। बुकिंग के हिसाब से किराया कम या इससे ज्यादा भी हो सकता है।



# हल्द्वानी में वरिष्ठ सहायक अधिकारी साइबर ठगी का शिकार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी में एक वरिष्ठ सहायक अधिकारी ने साईबर फ्रॉड का शिकार होने की शिकायत दर्ज कराई है।पीड़ित दीवानी न्यायालय हल्द्वानी में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ यह घटना 8 जनवरी को घटी।

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 जनवरी को उनके पिताजी का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया, जिसके कारण उन्होंने साई अस्पताल हल्द्वानी के चिकित्सक से संपर्क करने के लिए गूगल पर नंबर सर्च किया। गूगल पर मिले नंबर पर कॉल करने पर चिकित्सक ने उनसे कुछ व्यक्तिगत जानकारी मांगी। इसके बाद, वॉट्सऐप



पर देवेश और बबीता साह नाम के दो व्यक्तियों ने उन्हें कॉल किया और उनका बैंक खाता हैक कर लिया। उनके मुताबिक, उनके पंजाब नेशनल बैंक हल्द्वानी के खाते से 80,000 रुपये की राशि डेबिट हो गई। इसके बाद प्रार्थी को लगातार फोन कॉल्स आ रहे थे। उन्होंने इस संबंध में अपनी बैंक को सूचित किया और साथ ही साइबर क्राइम के व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत दर्ज की। पीड़ित ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बागेश्वर के खान अधिकारी सस्पेंड, सीज होंगी सभी मशीनें

बागेश्वर
हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट के सख्त रवैए और कड़ी टिप्पणी पर हरकत में आई सरकार ने बागेश्वर के जिला खान अधिकारी को तत्काल सस्पेंड कर दिया। वहां नए खनन अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी है।

हाईकोर्ट के सख्त रवैए और कड़ी टिप्पणी पर हरकत में आई सरकार ने बागेश्वर के जिला खान अधिकारी को तत्काल सस्पेंड कर दिया। वहां नए खनन अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी है। खनन में लगीं सभी मशीनें सीज की जाएंगी। सरकार ने खड़िया खनन के लिए नई एसओपी भी जारी कर दी है। मामले में सुनवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी। हाईकोर्ट में बागेश्वर जिले की तहसील कांडा के कई गांवों में



खड़िया खनन की वजह से आई दरारों के मामले में स्वत: संज्ञान लेने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र एवं वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने खनन में अनियमितता को लेकर सख्त रुख अपनाया। हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश के क्रम में डीएम बागेश्वर, जिला खान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कोर्ट में पेश हुए।

कोर्ट ने अधिकारियों को फटकारते हुए खान अधिकारी को तुरंत सस्पेंड करने की जरूरत बताई। इस पर सरकार ने तत्काल अमल करते हुए बागेश्वर के जिला खान अधिकारी को सस्पेंड कर दिया। हाईकोर्ट के मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने बताया कि सरकार ने बृहस्पतिवार शाम को खनन अधिकारी को सस्पेंड कर वहां नए खनन अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। रावत ने बताया कि सरकार ने खनन के लिए नई एसओपी भी जारी कर दी है। एसपी शुक्रवार तक खनन में लगी सभी मशीनों को सीज करें और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। पूर्व तिथि को मामले को गंभीर पाते हुए कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट का आकलन करके निदेशक खनन व सचिव औद्योगिक व डीएम बागेश्वर को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए थे। कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट के तहत खड़िया खनन करने वालों ने वनभूमि के साथ सरकारी भूमि में भी नियम विरुद्ध खनन किया हुआ है। इससे पहाड़ी दरकने लगी है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# बॉक्सिंग के फाइनल में पहुंचे नैनीताल व हरिद्वार

नैनीताल

हमारे संवाददाता



डीएसए मैदान में चल रही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी गुरुवार को बालक बालिकाओं के विभिन्न भार वर्ग में मुकाबले खेले गए। जिसमें टनकपुर, नैनीताल तथा हरिद्वार के खिलाडियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

बता दें कि गुरुवार को 16 अलग-अलग भार वर्ग में फ इनल मुकाबले खेले जाएंगे। गुरुवार को 48 किलो भार वर्ग के फ इनल मुकाबले में टनकपुर के उत्सव यादव ने नैनीताल के राहुल गोस्वामी जबकि 51 किलो भार वर्ग में अमित सिंह कठायत ने नैनीताल के आयुष सिंह बोरा जबकि 54 किलो भारवर्ग में नैनीताल के रोहन ने एसटीसी काशीपुर के पवन सिंह वहीं 57 किलो भारवर्ग में एमपीएससी के धीरज सिंह रावत ने हरिद्वार के ध्रुव सिंह वहीं 67 किलो भार वर्ग में हरिद्वार के आदित्य सिंह पुंडीर ने पिथौरागढ़ के धीरेंद्र को नॉक आउट से हराया। दूसरी ओर उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव गोपाल खोलिया ने बताया कि शुक्रवार को यूथ गर्ल्स के नौ फ इनल मुकाबले और ब्वॉयज के सात बाउट खेले जाएंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि छावनी परिषद के सीईओ वरुण कुमार समेत विशिष्ट अतिथि पूर्व नेशनल बाक्सर राशिद खान, डा.नागेंद्र प्रसाद शर्मा तथा बीएसएसवी के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत बॉक्सिंग ओलंपिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, अंतरराष्ट्रीय कोच डीसी भट्ट, आयोजक सचिव नवीन टम्टा, जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा समेत विमला रावत, भगवत मेर आदि रहे। प्रतियोगिता में रैफरी व आफिसियल की भूमिका पुष्पा दरमवाल, कमल जगाती,अजय कुमार, भगवत रावत, राजेंद्र भाटिया, संजय अधिकारी, नंदन सिंह नेगी, मान सिंह, पंकज कुमार, गौरव भंडारी, कैप्टन बी.एस.रावत, प्रदीप कुमार ऐरी, अनिल कंडवाल, विनोद तिवारी, पूजा,चयनिका साह आदि रहे।




# नगर के विकास के लिये गजराज की जीत जरुरीः अलका जीना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज बिष्ट के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना के नेतृत्व में महिलाओ द्वारा हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में व्यापक जनसम्पर्क किया जा रहा है। महिला मोर्चा द्वारा सुभाष नगर, आवास विकास आदि क्षेत्रों में व्यापक जन संपर्क किया गया। महिलाओ ने भाजपा प्रत्याशी गजराज बिष्ट के लिये घर घर जाकर अपील की। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमेशा मातृशक्ति का सम्मान किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का विकास हों रहा है। उन्होंने कहाँ हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी गजराज बिष्ट को मातृ शक्ति का आशीर्वाद है और वह हल्द्वानी नगर निगम के मेयर बनने पर पुरे क्षेत्र का विकास करेंगे। संगठन द्वारा महिला मोर्चा की सदस्यों को पार्षद का टिकट दिया गया है सभी जीत दर्ज कर नगर के विकास में मातृ शक्ति के सहयोग से कार्य करेंगे। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र की जनता से भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज बिष्ट को भारी बहुमत से जीताने की अपील की।

# कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, 22 पाउच बरामद

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से कुल 22 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई है।

जीआरपी चौकी लालकुआं की टीम प्लेटफार्म नंबर 3 पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इस दौरान काशीपुर से बरेली सिटी जा रही एक पैसेंजर ट्रेन में से एक व्यक्ति तेज कदमों से चलता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को शक होने पर उसे रोककर पूछताछ की गई और उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास कच्ची शराब के 22 पाउच बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकुल राय निवासी राजीवनगर, बंगाली कॉलोनी, लालकुआं बताया। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 60(1) एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# सट्टे की खाईबाड़ी करता सटोरिया गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

थाना बनभूलपुरा पुलिस ने आज सुबह सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता और कुल 1290 रुपये की नगदी बरामद हुई है। बनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। जबकि पुलिस टीम बरेली रोड होते हुए दानिश के बगीचे के पास पहुंचे, उन्हें एक खाली प्लॉट पर कुछ लोग इकट्ठा दिखे। इन लोगों के बीच में एक व्यक्ति खड़ा था, जो पुलिस कर्मियों को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपनी पहचान महमूद उर्फ मुल्ला, पुत्र मुमताज, निवासी उत्तर उजाला नाले के पास, थाना बनभूलपुरा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान पुलिस को महमूद के पास से सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता और 1290 रुपये की नगदी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ गैम्बलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## NEWS / फटाफट

### आशन बैराज में बने पुलों पर हल्के वाहनों को मिली अनुमति

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने विकास नगर के आशन बैराज में बने पुलों पर हल्के वाहनों को अनुमति दे दी है। इस मामले में अब छुट्टियों के बाद सुनवाई होगी। बता दें मुख्य न्यायाधीश जी0 नरेंदर और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में गुरुवार को विकास नगर निवासी रघुनाथ सिंह नेगी और अन्य की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से पेश शपथ पत्र में कहा गया कि एक महीने के अंदर आसान बैराज से जुड़ी नहरों पर बने पुलों की मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अदालत ने अपने पुराने आदेश को संशोधित हल्के वाहनों की अनुमति दे दी।भारी वाहनों पर अभी भी प्रतिबंध रहेगा। अदालत ने पिछले दिनों सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### प्रत्याशी डा. सरस्वती खेतवाल का प्रचार अभियान तेज

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल में कांग्रेस पार्टी की पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी डा. सरस्वती खेतवाल का प्रचार अभियान गुरुवार को नगर के हाईकोर्ट परिसर,महाधिवक्ता कार्यालय, मनकापुर कंपाउंड,बलरामपुर, एटीआई तथा ओक पार्क आदि क्षेत्रों में हुआ। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल समेत डा.रमेश पांडेय, डा.महेंद्र सिंह पाल,मुन्नी तिवारी, अवतार सिंह रावत, नदीम मून,रवींद्र सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह सौन,कौशल पांडेय,कमलेश तिवारी, प्रमोद कुमार, प्रभाकर जोशी, हिमांशु पांडेय, पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय कुमार, व सचिन नेगी, राजू लाल,प्रदीप सहदेव, राहुल पुजारी, त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, कमला कुंजवाल, भुवन बिष्ट, सुनीता आर्य, लता तरुण, देवकी देवी, कमला फ र्त्याल व बंटू आर्य, ललित चनियाल, गिरिश जोशी, डीसीएस खेतवाल तथा संजू कुमार व आयुष कुमार आदि साथ मौजूद रहे।

### निर्दलीय उम्मीदवार जितेन्द्र का डोर टू डोर प्रचार



**नैनीताल ।** निकाय चुनाव के मद्देनजर चुनावी माहौल में जोर पकड़ चुका है। उम्मीदवार जनता से वायदे करते हुए डोर टू डोर प्रचार में व्यस्त हैं और इसी बीच स्नोव्यू वार्ड से निर्दलीय उम्मीदवार जितेन्द्र कुमार पाण्डे उर्फ जीनू क्षेत्र में अपनी सक्रियता और समर्पण के लिए चर्चा का विषय बने हुए हैं। बता दें कि समाजसेवी जितेन्द्र पाण्डे जो लोगों के दिलों में खास पहचान बना चुके हैंए अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। वह एक.एक घर तक पहुंचकर जनता से वोट की अपील कर रहे हैं और साथ ही उन्हें अपनी योजनाओं के बारे में भी बता रहे हैं। जीनू को जनता का जबरदस्त प्यारए विश्वास और आशीर्वाद मिल रहा हैए और उनका जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है। उनकी कार्यशैली और लोगों के प्रति लगाव ने उन्हें क्षेत्र में एक लोकप्रिय और विश्वसनीय चेहरा बना दिया हैए जो चुनावी समर में उन्हें सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### आज मनाया जाएगा पुत्रदा एकादशी व्रतः पंडित प्रकाश चंद्र

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा है कि आज शुक्रवार (आज) को पुत्रदा एकादशी व्रत मनाया जाएगा। पंडित जोशी के मुताबिक इस दिन यदि एकादशी तिथि की बात करें तो सात घड़ी 51 पल अर्थात प्रातः 10.20 बजे तक एकादशी तिथि रहेगी,यदि नक्षत्र की बात करें तो इस दिन कृतिका नामक नक्षत्र 16 घड़ी 24 पल अर्थात अपराह्न 1.46 बजे तक है। इस दिन शुक्ल नामक योग 18 घड़ी 32 पल अर्थात अपराह्न 2.36 बजे तक है । सबसे महत्वपूर्ण यदि इस दिन की चंद्रमा की स्थिति को जाने तो इस दिन चंद्र देव पूर्ण रूपेण वृषभ राशि में विराजमान रहेंगे। बताया कि एकादशी व्रत के दिन प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर किसी नदी या जल स्रोत में स्नान करें यदि ऐसा संभव न हो तो स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। तदुपरांत स्वच्छ वस्त्र धारण करें। तुलसी वृंदावन के समीप एक चौकी रखकर उस पर पीला वस्त्र बिछाकर श्री हरि भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। उन्हें शुद्ध जल से स्नान कराएं पंचामृत स्नान कराएं। तदुपरांत रोली कुमकुम और जौं चढ़ायें। धूप दीप नैवेद्य सहित षोडशोपचार पूजन करें। आरती के उपरांत तीन बार प्रदक्षिणा करें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# गौलापार क्षेत्र में लगा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गौलापार , दोलतपुर के पंचायत भवन में काया आयुर्वेद कॉलेज एव हॉस्पिटल का निःशुल्क चिकित्स शिविर में प्रारम्भ प्रिंसिपल डॉ विनय खुल्लर, प्रधान उमा नीरज रेकवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र रेकवाल ने किया।

शिविर में 310 रोगियों ने लाभ लिया डॉ खुल्लर ने बताया शिविर में 30प्रतिशत शुगर ब्लड प्रेशर, 20प्रतिशत गठिया एव जोड़ो के दर्द , 15प्रतिशत त्वचा रोगी, 10प्रतिशत पेट के रोगी , शेष सामान्य रोगी आये। शिविर में निःशुल्क शुगर लिपिड प्रोफाइल ब्लड प्रेशर एच बी ए 1सी जाँचे हुईं। शिविर में डॉ विनय खुल्लर डॉ महेंद्र बोरा डॉ स्वाति भट्ट डॉ नेहा डॉ डॉ गौरव बिस्ट डॉ कल्पना डॉ हरिशंकर डॉ दिव्या जोशी ने परामर्श दिया। शिविर में अंकिता जोशी उमानीरज रेकवाल मनीषा देवेंद्र मेहरा हरेंद्र क्यूरा हितक्षी हेमा सपना चतुर सिंह रेकवाल आदि ने सहयोग किया।



# आशीष नैथानी ने न्यायधीश की शपथ ग्रहण की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी ने गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश गुहानाथन नरेंद्र ने शपथ दिलाई। उनके शपथ ग्रहण के बाद हाईकोर्ट में अब जजों की संख्या 8 हो गई है जबकि हाईकोर्ट में जजों के 3 पद अभी भी रिक्त हैं।

बता दें कि आशीष नैथानी कुछ समय पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल पद से सेवानिवृत्त हुए थे लेकिन उनकी सेवानिवृत्ति से पूर्व ही उन्हें हाईकोर्ट का जज बनाये जाने की संस्तुति हो गई थी और 3 जनवरी (शुक्रवार) को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से उन्हें उत्तराखंड हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने के आदेश जारी हुए थे।

न्यायमूर्ति आशीष नैथानी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी तथा न्यायमूर्ति आलोक वर्मा,न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल,न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित,न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा, रजिस्ट्रार जनरल कहकशां खान, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पन्त, सेवानिवृत्त व वर्तमान लोक अलादत देख रहे न्यायधीश न्यायमूर्ति जे. सी. एस. रावत, न्यायमूर्ति राजेश टण्डन, न्यायमूर्ति वी एस वर्मा,न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह, महाधिवक्ता एस एन बाबुलकर, शासकीय अधिवक्ता अमित भट्ट, मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह रावत, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत, बार कौंसिल के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह पाल समेत वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र डोभाल, लोकेंद्र डोभाल, अवतार सिंह रावत, एम सी कांडपाल, डी के शर्मा, बी सी पांडे, वी पी नौटियाल, एम सी पंत, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, एस एसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, प्रबंध निदेशक कुमाऊँ मंडल विकास निगम विनीत कुमार,पद्मश्री अनूप साह सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व न्यायिक अधिकारी व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



# अभिमत

## एकजुटता जरूरी

*सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक होने की जरूरत है। संत संसद में जगद्गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग के साथ ही सनातन अनुयायियों से एक होने का आह्वान किया। दरअसल अज्ञानता की पराकाष्ठा यह है कि सनातन को समझ पाने की भूल की जा रही है। सनातन पर छींटाकसी की जाती है। इस तरह की टिप्पणी करने वाले यह नहीं सोचते हैं कि उनका मूल धर्म कितने साल पहले अस्तित्व में आया है। लाखों वर्ष के युगों से सनातन धर्म है। जबकि कुछ सौ साल पहले बने धर्म सनातन की मजाक उड़ाते हैं और धर्मांतरण का कुचक्र रचते हैं।*

शक्ति की परिभाषा लोग अपने-अपने तरीके से करते हैं। शक्ति का पर्याय एक मात्र एकजुटता है। एक-एक तिनका जब रस्सी का रूप लेते हैं, तो उन्हें तोड़ा नहीं जा सकता है। वर्तमान में सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक होने की जरूरत है। संत संसद में जगद्गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग के साथ ही सनातन अनुयायियों से एक होने का आह्वान किया। दरअसल अज्ञानता की पराकाष्ठा यह है कि सनातन को समझ पाने की भूल की जा रही है। सनातन पर छींटाकसी की जाती है। इस तरह की टिप्पणी करने वाले यह नहीं सोचते हैं कि उनका मूल धर्म कितने साल पहले अस्तित्व में आया है। लाखों वर्ष के युगों से सनातन धर्म है। जबकि कुछ सौ साल पहले बने धर्म सनातन की मजाक उड़ाते हैं और धर्मांतरण का कुचक्र रचते हैं। वक्फ बोर्ड और मिशनरी के नाम पर भूमि समेत अन्य संसाधनों पर कब्जा करते हैं। भारत विश्वगुरु था, विश्वगुरु है और विश्वगुरु रहेगा। मंदिरों को ध्वस्त कर समुदाय विशेष के लोगों ने धर्मस्थल बनाये। सरकारी जमीन पर कब्जा करके धर्मस्थल बना दिये। ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौरान धर्मस्थल, अस्पताल और शिक्षा संस्थान मिशनरी के तहत धर्म परिवर्तन के लिए बनाये गये। आजादी के बाद भी मिशनरी और जिहादी सक्रिय हैं। वक्फ बोर्ड खत्म करने के लिए केन्द्र सरकार कदम उठा रही है तो विरोध हो रहा है। भाईचारे के नाम पर सनातन धर्म को खत्म करने का एजेंडा लागू किया गया है। सनातन संतों ने अब आवाज उठाई है। भारत और विदेश में रह रहे हिन्दुओं से सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने के साथ ही सरकार से भी धर्म की रक्षा तथा सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत हैं। उन्होंने सरकार की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कई बार सार्वजनिक रूप से कहा है कि बंटोगे तो कटोगे। अर्थात सनातन धर्मावलंबियों से एक होकर रहने का आह्वान किया। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा को वोट देने के लिए एकजुटता की सीख नहीं दी है, बल्कि हमेशा सनातन धर्मावलंबियों से एकजुट होकर समाज, प्रदेश और राज्य की प्रगति में योगदान देने को कहा है। भारत की पुरानी परम्परा संयुक्त परिवार की रही है। भावनात्मक रिश्तों में बंधा परिवार निरंतर प्रगति करता है। सिर्फ सनातन धर्म को मानने और जातिवाद का भेदभाव मिटाने पर प्रगति संभव है। वक्फ बोर्ड खत्म करने का विरोध करने वालों में सनातन के लोग शामिल हैं, ऐसे लोग आने वाली पीढ़ी के हितों की अनदेखी कर रहे हैं। सभी सनातन धर्मावलंबी दलगत राजनीति व जातिवाद से ऊपर उठकर सनातन बोर्ड के गठन का समर्थन करें।

# भाजपा के स्टार प्रचारकों ने संभाली कमान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारकों ने बढ़त हासिल करने के लिए कमान संभाल ली है। आज दिन भर नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा से सांसद पूर्व रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट के ध्वज वाहक बने रहे।

सांसद अजय भट्ट ने आज भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट के पक्ष में वार्ड 60 गौजाजाली बिचली, वार्ड 41 भगवानपुर, एवं वार्ड 40 स्वयंबर बैंक्वेट हॉल में जनसभा को संबोधित कर वोट मांगे। सांसद अजय भट्ट ने सभा में मौजूद क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा भाजपा के पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला ने विगत दस वर्षों में हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य कर नगर का काया कल्प कर दिया है। अब भारतीय जनता पार्टी ने गजराज सिंह बिष्ट को अपना उम्मीदवार बना कर हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक सुरक्षा के साथ सदभाव एवं भाईचारा बनाए रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करने की जिम्मेदारी दी है। सांसद अजय भट्ट ने विगत फरवरी माह में वनभूलपुरा क्षेत्र में हुऐ उपद्रव की ओर इशारा करते हुए कहा वो लोग मारने के लिए एकत्र हो सकते हैं। क्या हम सनातनी अपने हल्द्वानी नगर को बचाने के लिए एकत्र नहीं हो सकते।

अजय भट्ट ने सभा में मौजूद लोगों से मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट को वोट देने की अपील करते हुए कहा अन्नदान, धनदान, कन्यादान एवं मतदान हमेशा पात्र व्यक्ति को देना चाहिए अन्यथा बाद में पछताना पड़ता है। इसलिए 23 जनवरी को मतदान सोच समझ कर करना है। हल्द्वानी नगर निगम में नए जुड़े नए 20 वार्डों में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी आज कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने संभाली, उन्होंने वार्ड 39 लोहरियासाल मल्ला में भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट एवं पार्षद प्रत्याशी ममता जोशी के पक्ष में मतदान करने की क्षेत्रवासियों के घर घर जाकर अपील की। इस दौरान क्षेत्रवासियों को नुक्कड़ सभा में संबोधित करते हुए विधायक भगत ने कहा निवर्तमान भाजपा के मेयर जोगेंद्र रौतेला के द्वारा प्रत्येक नए वार्ड में कम से कम 5 करोड़ के विकास कार्य करवाए हैं, ऐसे में सभी नए वार्डों से एकतरफा वोट भाजपा प्रत्याशी गजराज के पक्ष में पड़ेगा।

कांग्रेस प्रत्याशी किस आधार पर क्षेत्र में वोट मांगने आयेंगे, कांग्रेस प्रत्याशी को इन 20 नए वार्डों में प्रचार करने से बचकर अपना श्रम और समय दोनों बचाना चाहिए। भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने भगवानपुर क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला के द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की बदौलत वो सर ऊंचा करके प्रत्येक वार्ड में उनके साथ वोट मांगने जा रहे हैं। उन्होंने कहा पथ प्रकाश, पार्कों का सौंदर्यीकरण, सड़कों का निर्माण, विद्युत पोल, स्वच्छता एवं कूड़ा गाड़ी का लाभ प्रत्येक वार्ड को विगत दस वर्षों से मिल रहा है। ऐसे में क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का विकल्प रहित संकल्प मन में बना रखा है।

चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, जोगेंद्र सिंह रौतेला, भुवन जोशी, कमल नयन जोशी, नवीन भट्ट, धीरज पांडे, प्रताप बोहरा, प्रमोद पंत, मनोज भट्ट, चंद्र प्रकाश, कमल पांडे, हेमंत भट्ट, हर्षित भगत, राजू पांडे, तनुज नैनवाल समेत स्थानीय क्षेत्रवासी भारी संख्या में मौजूद रहे।

## नियमितीकरण को 188वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत तहत अनूठा पौधरोपण आंदोलन गुरुवार को 188 वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने बंदरलीमा खिरचना दुर्गा देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख पुजारी चंचल सिंह खोलिया ने कहा कि वह अब इन पौधों की देखरेख करेंगे। इधर दिनेश गुरु रानी ने कहा कि पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी चंचल सिंह खोलिया समेत शेर सिंह, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह व विजय बोरा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# छात्रा हर्षिता शर्मा को नेशनल फेलोशिप फॉर पीस एंड लर्निंग इंडिया मिलने पर दी बधाई

**नैनीताल**


**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में गुरुवार को कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बीएससी एग्रीकल्चर (तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा हर्षिता शर्मा को प्रिंसटन फाउंडेशन नेशनल फेलोशिप फॉर पीस एंड लर्निंग इंडिया 2024-25 प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। बता दें कि प्रिंसटन फ उंडेशन एक वैश्विक गैर लाभकारी संस्था है जो यूएस सरकार के साथ 501 (सी) (तीन) गैर लाभकारी संगठन और भारत सरकार के साथ सेक्शन 8 एनजीओ के रूप में पंजीकृत है। वर्ष 2011 में भारत में महिलाओं को उच्च शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस संगठन ने परोपकारी कार्य शुरू किए जबकि वर्ष 2016 में संगठन ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और विश्व शांति जैसे क्षेत्रों में किया। फ उंडेशन विश्व स्तर पर एआईआईएमएस, हार्वर्ड तथा कोलंबिया व एमआईटी तथा व्हार्टन आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षाविदों तथा नौकरशाहों व राजनयिकों और पेशेवरों के मार्गदर्शन में कार्य करता है। इसका उद्देश्य अव्यवस्थाओं को दूर कर एक प्रभावशाली सामूहिक क्रियात्मक मंच तैयार करना है। हर्षिता को प्रिंसटन फ उंडेशन नेशनल फेलोशिप फ ॉर पीस एंड लर्निंग इंडिया 2024-25 के तहत प्रति सेमेस्टर 25 हजार रुपएं की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। यह फेलोशिप न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है बल्कि विद्यार्थियों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने हर्षिता की इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हर्षिता के यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी और उन्हें अपने शैक्षणिक व व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर कृषि संकायाध्यक्ष प्रो. जीत राम भी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## फतेह एक्टर सोनू सूद ने फिल्म बजट को लेकर किया खुलासा



*सोनू सूद ने फिल्म उद्योग में अनावश्यक खर्च के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने एक निर्देशक के रूप में इससे परहेज किया। सोनू सूद बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं। अपनी उदारता, सामाजिक कार्य और बेबाक विचारों के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में अपनी आगामी फिल्म का निर्देशन करने वाले अभिनेता सोनू सूद ने फिल्म उद्योग में अधिक खर्चों को लेकर चर्चा की और बताया कि कैसे बड़ी क्रू और अभिनेता की देरी के कारण बजट बढ़ जाता है। दरअसल, सोनू सूद ने पहली बार फिल्म फतेह के जरिए निर्देशन में हाथ आजमाया है। यह फिल्म आज 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान, सोनू सूद ने फिल्मों पर अधिक खर्च के बारे में बात की और बताया कैसे फिल्मों का अधिक खर्च बड़े पर्दे पर दिखाई नहीं देता है। उन्होंने खुलासा किया कि अभिनेताओं के सेट पर पहुंचने में देरी और विदेशों में शूटिंग के लिए बड़ी क्रू को ले जाने में बहुत सारा अनावश्यक पैसा खर्च होता है। सोनू सूद ने कहा, सुबह शूटिंग के लिए निर्धारित एक अभिनेता दोपहर 3 बजे पहुंच सकता है। शॉट्स के बीच में, अभिनेता अपनी वैन के अंदर बैठते हैं और सेट अप तैयार होने के बाद ही धीरे-धीरे बाहर आते हैं। इस बीच, मीटर (खर्च) अभी भी चल रहा होता है।*

### 12 लोगों के साथ अमेरिका का सफर किया

*उन्होंने यह भी बताया कि आजकल निर्माता 150-200 लोगों की बड़ी टीम लेकर विदेश में शूटिंग करने जाते हैं, जिससे बजट बढ़ जाता है। हालांकि, शूटिंग के लिए उन्हें 100 लोगों की जरूरत होती है। सोनू ने फतेह की शूटिंग के दौरान एक अलग तरीका अपनाया क्योंकि उन्होंने एक सीक्वेंस के लिए सिर्फ 12 लोगों के साथ अमेरिका का सफर तय किया। सोनू ने सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज जैसे लोकप्रिय स्थानों पर फतेह की शूटिंग की, जहां अनुमति लेना और एक छोटी सी टीम का प्रबंधन करना काफी महंगा साबित हुआ।*

# पायलट बाबा की संपत्ति को हड़पने का लगाया आरोप

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पायलट बाबा के एक शिष्य ने पायलट बाबा की संपत्ति को हड़पने का आरोप लगाया है। शिष्य की ओर से जिले के पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र भेज कार्रवाई की मांग की गई है।

पायलट बाबा के शिष्य स्वामी मंगल गिरि ने शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि पायलट बाबा की महासमाधि 20 अगस्त 2024 को हुई तभी से कुछ लोग बाबा व महायोग फ उंडेशन की सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करना और नुकसान पहुंचाना व हड़पना चाह रहे हैं। उन्होंने नैनीताल व दिल्ली के छह लोगों पर मिलकर षड्यंत्र के तहत महायोगी पायलट बाबा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड रिसर्च गेठिया मान्यता प्राप्ति के लिए महायोग फ उंडेशन संस्था के दस्तावेज़ों को फर्ज़ी तरीके से तैयार करने का आरोप लगाया है जिसके एक दस्तावेज में लिस्ट आफ मेम्बर के तौर पर छह नंबर में प्रार्थी का नाम दर्शाया गया है और ठीक वैसा ही एक अन्य दस्तावेज में प्रार्थी के नाम के स्थान पर दूसरा नाम लिखा गया है।

आरोप है कि फर्जी दस्तावेज लगाकर बैंकों में खाते भी खुलवाए गए हैं साथ ही इन्ही लोगों की ओर से बाबा की फर्जी वसीयत बनाकर महायोग फाउंडेशन व बाबा की निजी चल अचल संपत्ति को छल कपट से हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने का भी आरोप लगाया है। फर्ज़ी वसीयत के अतिरिक्त भी उक्त लोगों की ओर से प्रार्थी व अन्य सरकारी संस्थाओं के साथ धोखाधड़ी की गई है।

उन्होंने आशंका जताई है कि उक्त लोगों ने पायलट बाबा की संपत्ति को हड़पने की गरज से उनकी बीमारी का लाभ उठाकर इलाज में लापरवाही कर उनको मार दिया होगा। उन्होंने मामले में एसएसपी को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की है।

## News कॉर्नर

### टैक्सी बाइकों के पार्किंग व्यवस्था की मांग

**नैनीताल।** नैनीताल टैक्सी सेवा समिति की ओर से नैनीताल शहर में टैक्सी बाइकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की गयी है। उन्होंने बिना पार्किंग उनके वाहन सडक़ किनारे मजबूरन पार्क करने की बात कही है। टैक्सी सेवा समीति के अध्यक्ष कुंदन का कहना है कि वर्तमान समय में नैनीताल में टैक्सी चालकों के सामने पार्किंग की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है जिससे न केवल टैक्सी चालकों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि पर्यटन व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पार्किंग न होने के चलते टैक्सी चालकों को अपनी गाडय़िां सडक़ किनारे खड़ी करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे कई बार जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है और दुर्घटनाओं का खतरा रहता है।

### अल्मोड़ा पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री और नगर निगम चुनाव के समन्वयक सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार ने सरयू सेराघाट पंपिंग करोड़ की सैद्धांतिक और वित्तीय मंजूरी दी है। जल्द ही शासनादेश जारी होगा। बृहस्पतिवार को नगर के एक होटल में प्रेसवार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। अल्मोड़ा जिले में पानी की समस्या को देखते हुए सरकार ने सरयू सेराघाट पंपिंग योजना के लिए 305 करोड़ की सैद्धांतिक और वित्तीय मंजूरी दी है। प्रदेश में 70 नई गोशाला बनाई जा रही हैं। 28 हजार निराश्रित गोवंश को संरक्षण देने का सरकार ने संकल्प लिया है। कहा कि सरकार ने अल्मोड़ा नगर पालिका को नगर निगम बनाया है। कहा कि दशहरा महोत्सव के लिए जीआईसी तक सड़क निर्माण, अल्मोड़ा के नंदा देवी मेले को राजकीय मेल घोषित कर नंदा अष्टमी पर राजकीय अवकाश घोषित करने, सीवर, ड्रेनेज व्यवस्था बेहतर करने सहित नगर में कई विकास कार्य होंगे।

# हल्द्वानी डेंगू की बीमारी से जूझता रहा, भाजपा जाति-धर्म की राजनीति करती रही:माहरा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**




कुसुमखेड़ा स्थित बाला जी बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने मेयर पद के प्रत्याशी ललित जोशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद ऊंचापुल चौराहे तक जनसंपर्क अभियान और नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया, जहां कांग्रेस नेताओं ने जनता से संवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस इस निकाय चुनाव में एक नए मिशन के साथ मैदान में उतरी है। उन्होंने वादा किया कि कांग्रेस स्वच्छता, शिक्षा, सफाई और विकास कार्यों पर प्राथमिकता से काम करेगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासन में हल्द्वानी डेंगू जैसी बीमारियों से जूझता रहा, जबकि भाजपा जाति-धर्म की राजनीति करती रही। माहरा ने जनता से अपील की कि 23 जनवरी को कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी को विजयी बनाकर नगर निगम में नया इतिहास रचें। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में ग्रामीण क्षेत्रों का संपूर्ण विकास किया था, आज जो भी मार्ग एक दूसरे गांव को आपस में जोड़ रहे हैं, ये सभी कार्य कांग्रेस के शासनकाल में हुए। उन्होंने ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति करती है विकास कार्य नहीं, आज भी जो सड़के कांग्रेस के शासनकाल में बनी थी वैसी की वैसी है, उनका दोबारा सुधारीकारण तक नहीं किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए आपको फिर कांग्रेस को लाना होगा। इसके लिए कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी को जीतकर नगर निगम भेजना होगा। वहीं कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि वे सिर्फ चुनावी समय में नहीं, बल्कि हर सुख-दुख में जनता के साथ हैं। उन्होंने वादा किया कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो शहर में तीमारदारों के ठहरने के लिए गेस्ट हाउस बनाएंगे, ताकि दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिल सके। नगर निगम से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि गांव से शहर की दूरी बहुत है ऐसे में अगर वह नगर निगम सीट पर जीत कर आए तो ग्रामीण क्षेत्र में ही नगर निगम का एक ऑफिस में खोलेंगे जहां से ग्रामीण क्षेत्र के वार्डो में निवास करने वाले लोगों को सुविधा मिल सके, और उन्हें बार-बार शहर ना आना पड़े। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो लोग खुद को जनता का हितैषी बताते हैं, वे मुश्किल समय में नजर नहीं आते। उन्होंने जनता से भाजपा के कुशासन को समाप्त करने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा गोविंद सिंह कुंजवाल, हिमेश खर्कवाल, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, विधायक सुमित हृदयेश, हरिश्चंद्र दुर्गापाल, हरेंद्र बोरा, योगेश जोशी,अखिल भंडारी, गुड्डू सम्भल, हेमंत बगड़वाल, सतीश नैनवाल, जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, खजान पांडे, एबी गुणवंत, लाल सिंह पवार, हिमांशु जोशी, लीला कंडवाल, शशि वर्मा, हरीश कुंजवाल, उत्तम बिष्ट, पुष्पा नेगी, शारदा बजेठा, ममता बिष्ट, हर्ष शर्मा,मोहित कुमार, मुकुल कुमार, हेमचंद्र परगाई, प्रकाश चंद्र, भूपेश जोशी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड पर देने का विरोध, सीएम से मिलने जा रहे छात्रों को रोका



**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

छात्र-छात्राओं का आरोप है कि देहरादून जाने के लिए उनकी ओर से की गई बस के ड्राइवर को भी पुलिस प्रशासन की ओर से बाहर निकाल दिया है।

हरिद्वार में राजकीय मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड पर दिए जाने का विरोध थम नहीं रहा है। छात्र बीते कई दिन से इसका विरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को सीएम से वार्ता के लिए देहरादून जा रहे छात्र- छात्राओं को पुलिस प्रशासन ने कॉलेज में ही बंद कर दिया। टीम ने गेट पर ताला लगा दिया है। टीम उन्हें बाहर नहीं निकलने दे रही है। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि देहरादून जाने के लिए उनकी ओर से की गई बस के ड्राइवर को भी पुलिस प्रशासन की ओर से बाहर निकाल दिया है। छात्र तीसरे दिन भी अपनी क्लास को छोड़कर विरोध कर रहे हैं। वहीं, एक छात्रा की इस दौरान तबीयत बिगड़ गई।

# 1 फरवरी को हल्द्वानी में होगा महिलाओं का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अपनी धरोहर न्यास की महिला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक न्यास कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महिलाओं का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 1 फरवरी 2025 को हल्द्वानी में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केदारनाथ क्षेत्र की माननीय विधायक श्रीमती आशा नौटियाल और यूकोस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत उपस्थित रहेंगे। साथ ही, विभिन्न शिक्षाविद और समाजसेवी महिलाएं भी सम्मेलन में मार्गदर्शन करेंगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहा, गोल्ज्यू संदेश यात्रा हो या सामाजिक कार्य, महिलाओं की भूमिका हमेशा अग्रणी रही है। इसी क्रम में, अपनी धरोहर न्यास में मातृशक्ति की भूमिका को और मजबूत करने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है ।बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम संयोजक शान्ति जीना,प्रदेश सहसंयोजक अपनी धरोहर न्यास( महिला समिति), व्यवस्था प्रमुख लता बोरा अध्यक्ष पुननर्वा समिति,स्वागत समितिअध्यक्ष प्रभा खनका अध्यक्ष बेणि सेनाको नियुक्त किया गया। प्रदेश संयोजक अपनी धरोहर महिला सुनीता जोशी ने बताया कि उत्तराखंड की यह टीम राज्य की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए वचनबद्ध है। इसके तहत, अपनी धरोहर न्यास को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में महिला समितियों का गठन किया जा चुका है ।यह सम्मेलन उत्तराखंड की महिलाओं को सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति जागरूक करने और समाज के विकास में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा ।इस अवसर पर डॉ रुचि ,डॉ सुधा पाल,प्रगति जैन,रेखा रावत उपस्थित रहे।

# कुमाऊं विवि में बायोमैग्नेटिक थेरेपी पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के वजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा गुरुवार को बायोमैग्नेटिक थेरेपी पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता त्रिलोक सिंह फ र्त्याल ने कहा कि मनुष्य का स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है ।कहा कि पहले के समय में लोग लंबी उम्र तक जीते थे लेकिन वर्तमान में विभिन्न बीमारियों के कारण जीवनकाल में कमी आई है। बोले कि वर्तमान समय में सर्वाइकल, ब्लड प्रेशर तथा डायबिटीज व गठिया, सांस और गुर्दे के रोग प्रमुख समस्याएँ बन गए हैं ।कहा कि मनुष्य की पांच बुनियादी आवश्यकताएं अग्नि, पृथ्वी, जल व वायु और आकाश हमें हवा, पानी, खुराक और ऊर्जा प्रदान करती हैं। इसी प्रकार मानव शरीर को बायोमैग्नेटिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है जो रक्त संचार और तंत्रिका तंत्र को सीधे प्रभावित करती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए निदेशक प्रोफेसर ललित तिवारी ने बताया कि ब्लड में लोहा होता है जिसे मैग्नेट से प्रभावित किया जा सकता है और इससे रक्त संचार में सुधार होता है ।कार्यशाला में त्रिलोक फ र्त्याल, मंजू साह, और राजकुमार बासकोटी ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जो आयुष मंत्रालय से मान्यता प्राप्त हैं। उन्होंने इन उत्पादों की क्रियाविधि को भी बताया जिनमें मैग्नेटिक गद्दे और पिलो जैसे ब्रास शामिल थे जो शरीर को संतुलित करने में मदद करते हैं। कार्यशाला के अंत में पूरी टीम को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में प्रो. गीता तिवारी, डॉ. पैनी जोशी, डा.ईरा तिवारी, डॉ. मैत्रेय नारायण, डॉ. नगमा परवीन, डॉ. नवीन पांडे, पंकज कश्यप, विशाल बिष्ट, आनंद, दिशा, हिमानी और अदिति जोशी सहित शोध छात्र उपस्थित रहे।



### निर्दलीय प्रत्याशी दीपा ने वोट देने की अपील की

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल की पालिकाध्यक्ष की निर्दलीय उम्मीदवार दीपा मिश्रा ने गुरुवार को नगर के सूखताल, गोपाला सदन, बालिका स्कूल व एशडेल स्कूल में प्रचार कर उनके चुनाव चिह्न बाल्टी पर मोहर लगाकर उन्हें विजयी बनाने की गुजारिश की। इस दौरान उनके साथ अमिता बेरिया( भूतपूर्व सभासद) समेत पुष्पा मेहरा, मुन्नी भट्ट,चंपा मिश्रा, मंजू जोशी, भावना, आंचल व ममता आदि उपस्थित रहे।

# बस में सिगरेट पीना और अभद्रता करना पड़ा महंगा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी से नैनीताल आ रही रोडवेज की बस में चार युवकों को सिगरेट पीना और लोगों से अभद्रता करना महंगा पड़ गया। बस में मौजूद फौजी ने नैनीताल पहुंचकर पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने चारों के खिलाफ कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार हल्द्वानी से नैनीताल आ रही रोडवेज की बस में चार युवकों के हंगामा काट दिया। लोगों के विरोध जताने पर युवक नहीं माने जिसके बाद वह बस के अंदर ही सिगरेट पीने लगे। सिगरेट पीने पर जब लोगों ने आपत्ति जताई तो वह अभद्रता पर उतर आए। इस बीच एक फ ौजी की ओर से उनको समझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन वह फ ौजी से भी भिड़ गए जैसे ही बस तल्लीताल रोडवेज स्टेशन पहुंची तो बस में सवार फ ौजी पुलिस चौकी शिकायत लेकर पहुंच गया। शिकायत पर पुलिस ने चारों युवकों को रोडवेज से पकड़ लिया। कार्रवाई की बात पर युवक माफ ी मांगने लगे। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि बस में हंगामा करने पर बरेली निवासी सुहान अली, मो. फ रमान, मो. आरिश व मो. फु रकान के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया है।

# एलारा कैपिटल्स लंदन के चेयरमैन राज भट्ट ने किया दौरा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के वाणिज्य विभाग के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में एलारा कैपिटल्स लंदन के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राज भट्ट ने परिसर का दौरा किया और वाणिज्य विभाग में प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों से बातचीत की।

उन्होंने इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी से कहा कि यदि कोई छात्र छात्रा चार्टड अकाउंटेंट बनना चाहता हो तो ऐसे छात्रों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए जिससे वे उन सभी को मार्गदर्शन एवं वित्तीय सहयोग इत्यादि प्रदान कर सके। उन्होंने अपने कालेज के अनुभवों को साझा करते हुए यह घोषणा की कि वर्तमान शिक्षा सत्र से प्रत्येक वर्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय के बीकॉम टॉपर को उनकी तरफ से अपने पिता डॉ. एल. आर. भट्ट स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 50 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार कुमाऊं विश्वविद्यालय से प्रत्येक वर्ष इतिहास विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्रा को भी डॉ. एल. आर. भट्ट स्मृति पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जायेगी। वाणिज्य एवं इतिहास के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए राज भट्ट द्वारा प्रदान किए जाने वाले इन पुरस्कारों के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने भी उनका विशेष आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक कार्यों में उनके योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की तथा उन्हें साधुवाद दिया। दूसरी ओर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने राज भट्ट को उनके सहयोग एवं प्रेरणास्पद व्यक्तित्व के धन्यवाद अभिव्यक्त किया तथा कहा कि छात्र छात्राओं को राज भट्ट से प्रेरणा लेनी चाहिए और चार्टड अकाउंटेंसी को अपने कैरियर के रूप में चुनना चाहिए जिसके लिए वे राज भट्ट के अनुभवों से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. सावित्री कैड़ा समेत डॉ. आरती पंत, डॉ विजय कुमार, डॉ ममता जोशी, डॉ विनोद जोशी, डॉ निधी वर्मा, डॉ हिमानी जलाल तथा डॉ पूजा जोशी, डॉ तेज प्रकाश, डॉ अंकिता आर्य, डॉ गौतम रावत, डॉ रितिशा शर्मा, श्री जलाल, घनश्याम पालीवाल, हिमांशु बिष्ट तथा बिशन आदि उपस्थित थे।